स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

प्रेस नोट संख्याः 296 , दिनांकः 24—11—2020

अन्तर्राज्यीय अवैध असलहा तस्करों के गिरोह का पर्दाफाश एवं हत्या के प्रयास में वांछित व रू0 25,000/— के पुरस्कार घोषित अभियुक्त जनार्दन वर्मा उर्फ जे0डी0 अपने 02 अन्य साथियों एवं भारी मात्रा में पिस्टलों के साथ गिरफ्तार।

दिनाकः 24—11—2020 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को अन्तर्राज्यीय अवैध असलहा तस्करों के गिरोह का पर्दाफाश एवं हत्या के प्रयास में वांछित व रू0 25,000/— के पुरस्कार घोषित अपराधी जनार्दन वर्मा उर्फ जे0डी0 को 02 अन्य साथियों एवं भारी मात्रा में पिस्टलों के साथ गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः—

1— जनार्दन वर्मा उर्फ जे0डी0 पुत्र बाबू राम निवासी बनघुसरा सरैया, थाना गोसाईगंज, जनपद अयोध्या।

2— गौरी शंकर पाण्डेय पुत्र स्व0 राम आधार पाण्डेय नि0 बिलवानी खान, थाना गोसाईगंज, जनपद अयोध्या।

3— प्रवीण कुमार सिंह पुत्र रणजीत सिंह नि0 सोनवा, थाना अहिरौली, जनपद अम्बेडकरनगर।

बरामदगीः—

1— 19 अदद अवैध पिस्टले .32 बोर
2— 38 अद्द मैगजीन
3— 01 अद्द बैरल
4— रू0 2280/— नगद
5— तीन अदद आधार कार्ड,
6— एक अदद डी0एल0,
7— एक अदद पैन कार्ड,
8— एक अदद ए0टी0एम0,
9— दो अदद मोबाइल फोन

गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक :—

बासमण्डी निकट पालीटैक्निक चौराहा थाना विभूतीखण्ड, लखनऊ, दिनांक 24—11—2020, समय 20—30 बजे।

एस0टी0एफ0 उ0प्र0 द्वारा आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत संगठित अपराध व अपराधियों के विरूद्ध एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण व तस्करी करने वाले गिरोहों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक, एस0टी0एफ0, उ0प्र0 के दिशा निर्देशन में व श्री विशाल विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 के नेतृत्व में एस0टी0एफ0 मुख्यालय की टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के दौरान मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ अन्तर्राज्यीय अवैध शस्त्रों के तस्कर भारी मात्रा में अवैध पिस्टलें लेकर उ0प्र0 के पूर्वान्चल के अपराधियों एवं आपराधिक गिरोहों को सप्लाई करने हेतु अयोध्या एवं अम्बेडकरनगर जा रहे हैं। इस सूचना पर तत्काल उपनिरीक्षक श्री शिवनेत्र सिंह एवं उपनिरीक्षक श्री मनोज सिंह के नेतृत्व में मु0आ0 सुधीर कुमार सिंह एवं मुख्य आरक्षी राज कुमार शुक्ला, कान्स0 रमेश चन्द्र उपाध्याय, कान्स0 अमित कुमार, कान्स0 दीपक सिसौदिया की एक टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताये

गये स्थान पर पहुँच कर आवश्यक बल प्रयोग कर उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे उपरोक्त बरामदगी की गयी।

पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि वह बड़े पैमाने पर अवैध शस्त्रों की तस्करी करते हैं तथा बिहार व मध्य प्रदेश से अवैध पिस्टलों की तस्करी कर उ0प्र0 के पूर्वान्चल के जनपदों में अपराधियों एवं आपराधिक गिरोहों को सप्लाई करते हैं। आगामी पंचायत चुनाव में अवैध शस्त्रों की मांग अधिक होने के कारण अभियुक्तगण पकड़ी हुई अवैध पिस्टलों की एक बड़ी खेप लेकर खण्डवा मध्य प्रदेश से सप्लाई हेतु अयोध्या व अम्बेकरनगर जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

पकड़ा गया अभियुक्त जनार्दन उर्फ जे0डी0 पूर्वान्चल का एक कुख्यात अपराधी है तथा जनपद मऊ के मधुबन थाने से वांछित व रू0 25000/- का पुरस्कार घोषित अपराधी है, जिसके ऊपर विभिन्न जनपदों में लूट, हत्या के प्रयास व छिनैती, गैंगेस्टर, भाड़े पर हत्या करने जैसे गम्भीर अपराधों के दर्जनों अभियोग पंजीकृत है। एस0टी0एफ0 मुख्यालय की टीम द्वारा दिनांक 30-07-2020 को जनार्दन वर्मा उर्फ जे0डी0 के गिरोह के 04 सदस्यों को भाड़े पर हत्या करते जाते समय थाना मधुबन जनपद मऊ में गिरफ्तार किया गया था तथा जनार्दन उर्फ जे0डी0 तत्समय मौके से फरार हो गया था। इस सम्बन्ध में थाना मधुबन जनपद मऊ में मु0अ0सं0 445/2020 धारा 307/120बी भादवि पंजीकृत हुआ था।

आपराधिक इतिहास जनार्दन उर्फ जे0डी0

क्र0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना	जनपद
1	708/1999	364/302/201/504/341 भादवि	कोतवाली	अयोध्या
2	173/04	467/308/411 भादवि व 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट	गोसाईगंज	अयोध्या
3	95/05 (एनसीआर)	352/504 भादवि	गोसाईगंज	अयोध्या
4	609/05	3/4 गुण्डा एक्ट	गोसाईगंज	अयोध्या
5	51/06	8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट	बसखारी	अम्बेकरनगर
6	257/06	110 गुण्डा अधि0	गोसाईगंज	अयोध्या
7	2160/09	379/411/419/420 भादवि	कोतवाली नगर	अयोध्या
8	877/12	392/411 भादवि	गोसाईगंज	अयोध्या
9	411/12	3/4 गुण्डा अधिनियम	गोसाईगंज	अयोध्या
10	18/13	392/411 भादवि	गोसाईगंज	अयोध्या
11	34/13	302 भादवि	कोतवाली अकबरपुर	अम्बेडकरनगर
12	247/15	8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट	गोसाईगंज	अयोध्या
13	248/15	3/25 आर्म्स एक्ट	गोसाईगंज	अयोध्या
14	71/15	379/411 भादवि	खण्डासा	अयोध्या
15	854/16	8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट	छावनी	बस्ती
16	859/16	307/411/41/413/419 /420/467/468 भादवि	छावनी	बस्ती
17	445/20	307/120बी भादवि	मधुबन	मऊ

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना विभूतिखण्ड, कमिश्नरेट, लखनऊ में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जायेगी।